Regarding need to upgrade Bhilwara-Ladpura National Highway No. 758 as a four-laning road- Laid

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) **:** मेरा संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा में भीलवाड़ा-लाड़पुरा राजमार्ग सं. 758 जो कि वर्तमान में 2 लेन का होने के साथ बिना मीडियन के सिंगल रोड़ है जिस कारण इस रोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं होने के कारण जान व माल की हानि होती रहती है । इस राजमार्ग पर बड़े बड़े ट्रक/ट्रोले द्वारा भारी पत्थर/माल ढुलाई का कार्य भी बड़े पैमाने पर किया जाता है । इस राजमार्ग के जरिए प्रतिदिन एक बड़ी संख्या में वाहनों का भीलवाड़ा होते हुए कोटा आवागमन रहता है और भविष्य में कोटा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के बनने के बाद इस राजमार्ग की उपयोगिता और भी बढ़ जाएगी । ऐसे में इस राजमार्ग में मीडियन के निर्माण के साथ साथ 2 लेन से 4 लेन में परिवर्तित करने के महत्ती आवश्यकता है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से यह निवेदन है कि भीलवाड़ा लाड़पुरा राजमार्ग स. 758 को 2 लेन से 4 लेन में परिवर्तित करने की कृपा करें ।